तारीख हुक्म	**महेन्द्र बनाम लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, बालेसर)** सू.अ.अपील संख्या 180/2022	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
11.07.22	अपीलार्थी महेन्द्र निवासी पहाड़गंज द्वितीय, संतोषी माता मन्दिर रोड़ के पास, कृषि मंडी, मंडोर, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 05.05.2022 में उसके द्वारा (1) ग्राम बालेसर दुर्गावतां, शहीद भंवर सिंह नगर, के खसरा संख्या 370/2 से संबंधित हीरसिंह बनाम कालूसिंह धारा 251 क के अन्तर्गत रास्ता प्रकरण एसडीएम कोर्ट बालेसर में विचाराधीन प्रकरण में एसडीएम कार्यालय से तहसीलदार कार्यालय बालेसर को प्राप्त पत्र के जारी होने की तिथि और कार्यालय में प्राप्त होने की तिथि तथा इस संबंध में की गई कार्यवाही की पत्रावली की प्रमाणित प्रतिलिपि (2) अन्य बिन्दू से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, बालेसर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, बालेसर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, बालेसर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, बालेसर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	